# दहेज में थार गाड़ी की डिमांड पूरी नहीं हुई तो दूल्हे ने शादी से इनकार किया

## घटनाक्रम को लेकर दुल्हन पक्ष का परिवार मानसिक आघात से परेशान हैं

**माण्डलगढ़,** (निसं)। भीलवाड़ा जिले में माण्डलगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के महुआ गांव में एक चौंकाने वाले मामले में दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर दूल्हे द्वारा शादी से इनकार करने की घटना सामने आई है। इस घटनाक्रम को लेकर दुल्हन पक्ष के परिवार में मातम सा छाया हुआ है और मानसिक आघात से परेशान हैं। दुल्हन के पिता ने वर पक्ष के दहेज लालचियों के खिलाफ माण्डलगढ़ थाने में शिकायत दी है।

महुआ गांव की दुल्हन के पिता राजकुमार ने थाने में दी गई शिकायत में आरोप लगाया कि मंगरोप गांव निवासी समधी कालू सिंह के पुत्र लोकेंद्र सिंह राठौड़ (दूल्हा) से उसकी पुत्री की शादी 20 अप्रैल 2026 को निर्धारित थी। समधी पक्ष ने शादी के 2 दिन पहले दहेज में महंगी एसयूवी विशेष रूप से महिंद्रा थार गाड़ी की मांग रखी थी। इधर महुआ में वधु पक्ष ने अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार शादी की तैयारियां पूरी कर ली थी। अचानक कालू सिंह और लोकेंद्र सिंह की थार गाड़ी की मांग को लेकर पीड़ित राजकुमार के परिवार में हड़कंप मच गया और पूरा परिवार सदमे में आ गया। बताया जा रहा है मंगरोप में वर पक्ष और महुआ में वधु पक्ष ने धूमधाम से विवाह करने एवं शादी की रस्में शुरू कर दी थी। अचानक दूल्हे और उसके पिता ने थार गाड़ी की मांग को लेकर शादी करने से साफ इनकार कर दिया। इस अप्रत्याशित फैसले से वधु पक्ष में अफरा-तफरी मच गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। दुल्हन और उसके परिवार को गहरा मानसिक आघात पहुंचा है।



माण्डलगढ़ में समाजजनों ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया।

घटना की सूचना मिलते ही वधु पक्ष और समाज के गणमान्य लोग मौके पर मंगरोप पहुंचे और समझाइश की कोशिश की, लेकिन दूल्हा अपने फैसले पर अड़ा रहा। इसके बाद अब मामला पुलिस तक पहुंच गया। इस घटना को लेकर समाज के लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने महुआ गांव पहुँचे। वहीं रामसिंह रावणा राजपूत चमुंडा सेना तहसील अध्यक्ष, माण्डलगढ़, कालू सिंह मेहताजी का खेड़ा, भैरुसिंह देबी सिंहजी का खेड़ा, किशन सिंह, भंवरसिंह माल का खेड़ा, शम्भूसिंह डसालिया, रामसिंह बिजौलियां, राधेश्याम सिंह रामपुरिया, प्रह्लाद सिंह, किशन सिंह, भंवर सिंह महुआ, पृथ्वीराज सिंह अमरपुरा, नाथू सिंह चौहान, विक्रम सिंह सहित सैकड़ों समाजजनों ने उक्त कृत्य की निंदा कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन प्रेषित किया है।

- दूल्हे और उसके परिवार के खिलाफ दहेज मांगने और शादी से इनकार करने के आरोप की पुलिस जांच कर रही है

पीड़ित पक्ष द्वारा माण्डलगढ़ थाने में शिकायत देने पर दूल्हे और उसके परिवार के खिलाफ दहेज मांगने और शादी से इनकार करने के आरोप की जांच की जा रही हैं। पुलिस के मुताबिक भारतीय कानून के तहत दहेज मांगना और इसके लिए दबाव बनाना दंडनीय अपराध है, जिसमें सख्त सजा का प्रावधान है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया गया है।

# गंगापुर सिटी में कार व बाइक की टक्कर में मां की मौत, बेटा घायल

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। गंगापुर सिटी-करौली सड़क मार्ग पर गुरुवार को हुए एक सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक महिला टीचर की मौत हो गई। इस दुर्घटना में उनका 17 वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर किया गया है। यह हादसा सलेमपुर और कुड़गांव के बीच हुआ।

मृतक शिक्षिका की पहचान लाटा हाउस निवासी आशा मीणा (42) पत्नी मोहन मीणा के रूप में हुई है। वह राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल रुंडी कुड़गांव में हेडमास्टर के पद पर कार्यरत थीं और हाल ही में उनका लेक्चरर पद पर पदौन्नति भी हुई थी। घटना के दिन स्कूल में उनके सम्मान का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था। आशा मीणा अपने बेटे कौशिक मीणा के साथ स्कूटी से स्कूल से घर लौट रही थी। सलेमपुर के पास घाटी में एक तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मां-बेटा दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। राहगीरों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को एंबुलेंस की मदद से गंगापुर सिटी के एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद आशा मीणा को मृत घोषित कर दिया। बेटे कौशिक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर कर दिया गया। आशा मीणा के शव को गंगापुर सिटी जिला हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## डंपर की टक्कर से युवक की मौत

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के निकट मोगड़ा-सरेचा गांव की सरहद में डंपर चालक की लापरवाही ने बाइक सवार एक युवक की जान ले ली। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बाद में ग्रामीणों ने रास्ता रोककर प्रदर्शन किया। सूचना पर लूणी पुलिस और अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार सरेचा गांव का रहने वाला कैलाश पटेल (21) सुबह अपनी बाइक लेकर मोगड़ा-सरेचा मार्ग से निकल रहा था। तब एक डंपर चालक ने लापरवाही वे उसको चपेट में ले लिया। उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उसकी मौत की खबर मिलने पर ग्रामीण एकत्र हो गए और रास्ता जाम कर दिया।

## दो इनामी बदमाशों को पकड़ा

**उदयपुर,** (कासं)। कुराबड़ थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट मामले में फरार दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर सुपरविजन में कुराबड़ थाना अधिकारी तेजुसिंह मय टीम ने एनडीपीएस एक्ट में चार माह से फरार पांच पांच हजार के इनामी बदमाश नरेश पुत्र मोहनलाल तथा मुकेश पुत्र गमेरलाल निवासी भमरासिया घाटी डबोक को गिरफ्तार किया है। 27 दिसंबर 2025 को गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने प्रतिबंधित दवाईयां कोडिन को पुण्या ट्रान्सपोर्ट से जब्त कर पुष्कराज पुत्र भंवरलाल निवासी ढिमडा वल्लभनगर को गिरफ्तार किया।


**कार्यालय नगर परिषद चूरू (राजस्थान)**

क्रमांक :- न.प./सफाई शाखा/2026-27/राजकाज 21604801 दिनांक :- 15/04/2025

**ई-निविदा सूचना 04 वर्ष 2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से नगरपरिषद, द्वारा 01 कार्य की निविदा आईडी नम्बर DLB2627A0750 आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in पर तथा कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगरपरिषद चूरू के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकता है।

UBN Code :- DLB2627WSOB02208

राज.संवाद/सी/26/1369 आयुक्त


# अजमेर : हत्या के प्रयास का आरोपी जयपुर से गिरफ्तार

## हत्या के प्रयास और लूटपाट मामले में नौ साल से फरार चल रहा था आरोपी

**अजमेर,** (कासं)। जिले में चलाए जा रहे एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत भिनाय थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए नौ साल से फरार हत्या के प्रयास के आरोपी को जयपुर के दूदू से गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचता फिर रहा था।

पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने बताया कि भिनाय थाना पुलिस टीम ने जयपुर ग्रामीण के दूदू गंगाती कला निवासी कमालुद्दीन को दबोच लिया। आरोपी करीब नौ साल से फरार चल रहा था। यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक अजमेर रेंज राजेन्द्र सिंह के निर्देश पर की गई। अभियान के तहत भिनाय थाना प्रभारी ओमप्रकाश के नेतृत्व में हेड कॉन्स्टेबल भागचंद और ओम सिंह ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस जांच के दौरान इस मामले में पहले ही आरोपी शंकरसिंह और सलमान को गिरफ्तार किया जा चुका था। मुख्य आरोपी कमालुद्दीन लगातार फरार था, जिसके खिलाफ धारा 299 के तहत कार्रवाई की जा रही थी।

पुलिस के अनुसार 10 मार्च 2017 को ब्यावर-मसूदा के बेगलियावास निवासी परिवादी जगदीश पुत्र बालूराम ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि आरोपियों ने उसके भाई के साथ गंभीर मारपीट की, हाथ-पैर तोड़ दिए और नकदी लूटकर फरार हो गए। इस पर पुलिस ने हत्या के प्रयास और लूटपाट का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। अब मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# बीकाजी के सीएमडी शिवरतन अग्रवाल का चेन्नई में निधन

**बीकानेर,** (निसं)। बीकाजी के सीएमडी शिवरतन अग्रवाल (74) का गुरुवार सुबह चेन्नई में निधन हो गया। वे अपनी पत्नी के ऑपरेशन के सिलसिले में चेन्नई में थे। गुरुवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली।

जानकारी के अनुसार, उनकी पत्नी का हाल ही में हार्ट बायपास का ऑपरेशन हुआ था। डॉक्टरों ने उन्हें आराम की सलाह दी थी। इसी कारण शिवरतन अग्रवाल परिवार सहित वहां के एक होटल में ठहरे हुए थे। बीकानेर के सार्दुलगंज के रहने वाले शिवरतन 10 दिन पहले परिवार के साथ चेन्नई गए थे। गुरुवार सुबह करीब साढ़े सात बजे शिवरतन अग्रवाल कुछ असहज महसूस कर रहे थे। हालत बिगड़ने पर उन्हें प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया था। जहां उनका निधन हो गया। दिल्ली समेत देशभर में रहने वाले परिजन बीकानेर पहुंचेंगे। शुक्रवार सुबह अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। बीकानेर व्यापार मंडल अध्यक्ष जुगल राठी ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर दो बजे तक शहर का मार्केट बंद रहेगा।

शिवरतन ने अपने बेटे के नाम पर कंपनी का नाम शिवदीप फूड्स प्रोडक्ट्स रखा था। शिवरतन अग्रवाल ने साल 1993 में बीकानेर में बीकाजी ब्रांड की



शिवरतन अग्रवाल ( फाइल फोटो )

स्थापना की थी। छोटे स्तर से शुरू हुआ यह कारोबार आज एक बड़े फूड ब्रांड के रूप में स्थापित है। शिवरतन अग्रवाल के निधन के बाद बीकानेर के करणी और बीछवाल इंडस्ट्रीयल एरिया में बनी फैक्टरी में प्रोडक्शन रोक दिया गया है। इसके साथ ही सप्लाई भी रोक दी गई है।

शिवरतन अग्रवाल ने केवल 8वीं तक पढ़ाई की है। उन्होंने अपने क्रिएटिव विजन से बीकाजी को एक ब्रांड बनाया। जब वे अपने बिजनेस की शुरुआत कर रहे थे तो उन्होंने कई देशों की यात्रा की। उस समय तक भुजिया केवल हाथों से ही बनाई जाती थी। शिवरतन ने मशीन से भुजिया बनाने का सेट-अप बनाया।

- शिवरतन अग्रवाल पत्नी के ऑपरेशन के लिए परिवार के साथ चेन्नई गए थे, वहां तबियत बिगड़ने से निधन हो गया

बीकाजी भारत का पहला ऐसा ब्रांड बना जिसने मशीन से भुजिया बनाई।

केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'भुजिया सम्राट' के रूप में विख्यात शिवरतन अग्रवाल (फन्ना बाबू) के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि स्वर्गीय शिवरतन अग्रवाल एक प्रतिष्ठित उद्योगपति, दूरदर्शी उद्यमी तथा समाजसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थे। उन्होंने अपने परिश्रम, ईमानदारी और दूरदर्शिता से न केवल व्यापार जगत में विशिष्ट पहचान बनाई, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बने। उनके सरल, सौम्य एवं स्नेहपूर्ण व्यवहार ने उन्हें जन-जन के बीच विशेष सम्मान दिलाया। अर्जुन राम मेघवाल ने आगे कहा कि शिवरतन अग्रवाल का निधन न केवल अग्रवाल परिवार के लिए, बल्कि पूरे समाज और व्यापार जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है।


**कार्यालय नगर निगम पाली**

(लालबहादुर शास्त्री टाऊन हॉल, सुरजपोल के पास, पाली, पिनकोड़-306401)

टेलीफोन :- 02932-250033 ई-मेल :-cmcpali@yahoo.co.in

क्रमांक प. 15/विद्युत/2026/ 871 दिनांक 17.07.2026

**अल्पकालीन ई- निविदा सूचना**

नगर निगम पाली में भण्डार/विद्युत/जनगण्ना के कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा सम्बन्धी जानकारी व अन्य शर्ते निगम कार्यालय एवं एवं वेबपार्टल http://eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल व http://sppp.rajasthan.gov.in, के UBN नं. DLB2627SLRC02011, DLB2627SLRC02013, DLB2627SSRC02012 के जरीये देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/26/1404 आयुक्त नगर निगम, पाली

**राजस्थान स्टेट सीड्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

पंत कृषि भवन, जनपथ, जयपुर-302005, Ph. 0141-2227665, 2227514

E-mail rajseedsmarketing@gmail.com , rajseedsmarketing@gov.in

CIN-U75132RJ1978SGC001781 www.rajseeds.rajasthan.gov.in

क्रमांक :- एफ 6( )/विपणन/प्रतिबद्ध विक्रेता/957 दिनांक :- 13/04/2026

**प्रतिबद्ध विक्रेता नियुक्ति हेतु आमंत्रण**

वर्ष 2026-27 एवं 2027-2028 के लिये गैर अनुदानित दर पर बीजो के विक्रय के लिये राजस्थान राज्य में जिलेवार नवीन प्रतिबद्ध विक्रेताओं की नियुक्ति हेतु बीज अनुज्ञा पत्रधारी विक्रेताओं से प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। प्रतिबद्ध विक्रेता नियुक्त की प्रक्रिया वर्ष पर्यन्त जारी रहेगी। आवेदन शुल्क राशि रूपये 1000+GST है। आवेदन प्रपत्र www.rajseeds.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है अथवा निगम की इकाईयों से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त कर सकते हैं। दिशा- निर्देशानुसार आवेदन पत्र भरकर सीजन पूर्व सम्बन्धित निगम इकाईयों पर जमा किये जावेंगे तथा जो क्षेत्रीय प्रबंधकों द्वारा मुख्यालय को अग्रेषित किये जावेंगे। अधिक जानकारी के लिये इकाई के संयंत्र प्रबंधक से सम्पर्क कर सकते है।

राज.संवाद/सी/26/1434 प्रबन्ध निदेशक

**कार्यालय नगर निगम, भरतपुर**

क्रमांक :- न.नि.भ./निर्माण/2026-27/67 दिनांक :- 16.04.2026

**ई-निविदा सूचना-02/2026-27**

नगर निगम, भरतपुर द्वारा उपयुक्त श्रेणी में एवं अन्य विभागों के "A"&"AA" श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदा दिनांक 22.04.2026 से अन्तिम दिनांक 06.05.2026 तक आमंत्रित की जाती है। जिसमें टेण्डर निविदा की महत्वपूर्ण शर्ते एवं विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in/ एवं कार्यालय समय में कार्यालय में देखी जा सकती है।

UBN Number:-
1. DLB2627WSOB01991 2. DLB2627WSOB01992
3. DLB2627WSOB01993 4. DLB2627WSOB01994

राज.संवाद/सी/26/1350 आयुक्त नगर निगम, भरतपुर


# हादसे में शिक्षक की मौत, साथी घायल

**जोधपुर,** (कासं)। देचू थाना क्षेत्र के सरहद कनोडिया पुरोहितान के पास गुरुवार को हुए एक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार सरकारी अध्यापक की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में उनका एक अन्य साथी भी घायल हो गया।

पुलिस ने बताया कि फलोदी के होपारडी निवासी ओमप्रकाश की मौत हुई है। वे प्रभुपुरा स्कूल में अध्यापक के पद पर कार्यरत थे। ओमप्रकाश अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल पर जा रहे थे, तभी सामने से आए एक ट्रक ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि ओमप्रकाश ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि पीछे बैठा उनका साथी घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही देचू थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल व्यक्ति को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। वहीं मृतक ओमप्रकाश के शव को देचू उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक और मोटरसाइकिल दोनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# डूंगरपुर में कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**डूंगरपुर,** (निसं)। नेशनल हाईवे 48 पर बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के भुवाली ब्रिज के पास बुधवार रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार ईको कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

पुलिस के अनुसार देवल खास मनात फला निवासी प्रभुलाल पुत्र शंकरलाल मनात ने दर्ज रिपोर्ट में बताया है कि बुधवार रात उसका भतीजा अंकित पुत्र रमेश चंद्र और उसका दोस्त प्रवेश पुत्र वाडीलाल डामोर बाइक से देवल से बिछीवाड़ा की ओर जा रहे थे। भुवाली ब्रिज के पास एक तेज रफ्तार ईको कार ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें शरीर पर कई जगह चोटें आईं। एंबुलेंस से उन्हें डूंगरपुर अस्पताल लाया गया। अंकित की हालत गंभीर होने पर उसे गुजरात के अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में बलवाडा के पास उसने दम तोड़ दिया। मृतक अंकित के शव को वापस डूंगरपुर अस्पताल की मोर्चरी लाया गया, जहां गुरुवार को पोस्टमॉर्टम किया गया। वहीं, घायल प्रवेश का इलाज डूंगरपुर अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद कार ड्राइवर मौके से फरार हो गया। बिछीवाड़ा पुलिस द्वारा ट्रक ड्राइवर की तलाश जारी है।

# संविधान पर छात्रा का जवाब सुनकर शिक्षा मंत्री दिलावर ने शाबाशी दी

- निरीक्षण के दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने स्कूल की 7वीं क्लास की छात्रा से पूछा कि संविधान किसने बनाया था
- इस पर छात्रा ने कहा कि पहली संविधान सभा के सदस्यों की संख्या 299 थी और भारतीय संविधान का जनक डॉ. बीआर अंबेडकर को कहा जाता है

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर स्कूलों के दौरे पर हैं। दौरे के दौरान मंत्री ने स्कूल की 7वीं क्लास की छात्रा से पूछा कि संविधान किसने बनाया था। इस पर छात्रा ने कहा कि पहली संविधान सभा के सदस्यों की संख्या 299 थी और भारतीय संविधान का जनक डॉ. बीआर अंबेडकर को कहा जाता है। इसे सुनकर मंत्री ने छात्रा को शाबाशी दी। इसके बाद एक छात्र ने दिलावर ने कॉपी में 7 लिखवाया। इसके बाद बच्चों से बोले कि जवाब आता है फिर घबराते क्यों हो। स्कूल से निकलते ही दिलावर जैसे ही गांव में पहुंचे तो यहां गलियों में पानी भरा देख भड़क गए और अधिकारियों को फटकार लगाई और कहा कि सोख्ता पिट क्यों नहीं बनाया गया, ताकि पानी की निकासी की उचित व्यवस्था हो सके।

जानकारी के अनुसार मंत्री दिलावर गुरुवार को 12:30 बजे सादुलशहर ब्लॉक के मम्मड खेड़ा गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पहुंचे थे। यहां दिलावर सीधे बच्चों के पास गए और उनसे सवाल पूछे। दिलावर ने 7वीं कक्षा की छात्रा से संविधान को लेकर सवाल किया तो छात्रा ने इसका आत्मविश्वास के साथ जवाब दिया। छात्रा ने बताया कि पहली संविधान सभा में 299 सदस्य थे और इसके निर्माता बीआर अंबेडकर थे। स्कूल के निरीक्षण के बाद शिक्षा मंत्री ने मम्मड खेड़ा गांव की गलियों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कई जगह गलियों में पानी भरा हुआ मिला। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से नाराजगी जताते हुए पूछा कि सोख्ता पिट क्यों नहीं बनाया गया, ताकि पानी की निकासी की उचित व्यवस्था हो सके। निरीक्षण के दौरान जिला परिषद गंगानगर के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरिराम चौहान, एक्सईएन रमेश मैदान, कार्यवाहक जिला शिक्षा अधिकारी अरविंदर सिंह सहित शिक्षा और पंचायती राज विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2026-27/34 - 36 Date :- 20/04/2026

**ई-निविदा सूचना संख्या : 08/2026-27**

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | |
|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | : रूपये 187.05 लाख (09 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/ अपलोड करने की अवधि | : 21.04.2026 को प्रातः 10.00 बजे से 06.05.2026 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : 21.04.2026 को प्रातः 10.00 बजे से 06.05.2026 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : 07.05.2026 को प्रातः 11:00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No. : ITU2627WSOB00012 To ITU2627WSOB00020

राज.संवाद/सी/26/1303 अधिशाषी अभियन्ता - तृतीय उदयपुर विकास प्राधिकरण

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, भीनमाल (राज.)**

(कचहरी के सामने, खारी रोड़, भीनमाल-343029)

Tel.- (02969) 220003 E-mail : e_officer22@yahoo.in

क्रमांक :न.पा.भी/विकास/2026/122 दिनांकः 16.04.2026

**निविदा सूचना संख्या : ई- 01/88/2026**

नगरपालिका मंडल भीनमाल की ओर से निर्माण कार्य के लिए नगरपालिका एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत सगंठनों व अन्य विभागों द्वारा पंजीकृत उपयुक्त वर्ग के ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा में वर्णित कुल कार्य 01 है,जिसकी अनुमानित लागत 149.95 लाख है।

उक्त निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इस निविदओं में भाग लेने वाले संवेदक इलैक्ट्रोनिक फारमेट से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर निर्धारित दिनांक तक निविदा हेतु आवश्यक समस्त दस्तावेज अपलोड किये जा सकेगे। उक्त निविदाओं का प्रकाशन वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी किया गया है।

NIB No. DLB2627A0580

| Sr.No. | Work No. | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | 01 | (DLB2627WSOB01788) |

राज.संवाद/सी/26/1326 अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका मंडल, भीनमाल


# खेतड़ी : घर में घुसकर हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**खेतड़ी,** (निसं)। जिले की मेहाड़ा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घर में घुसकर मारपीट कर हत्या का प्रयास करने के मामले में फरार चल रहे दो हजार रूपये के इनामी व थाना स्तर के टॉप टेन बदमाश शक्तिमान उर्फ शक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पुलिस टीम ने कोटपुतली से दस्तयाब किया।

झुंझुनूं पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह राजावत के मार्गदर्शन एवं वृताधिकारी खेतड़ी जुल्फीकार अली के सुपरविजन में थानाधिकारी राममनोहर के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने यह सफलता हासिल की। इस मामले में पूर्व में विकास उर्फ कालू, जलेसिंह, दीपक योगी, रामचन्द्र और विजेन्द्र उर्फ बिजली को गिरफ्तार किया जा चुका है।

- गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी चोरी का मामला दर्ज है

प्रकरण के अनुसार, 21 जुलाई 2025 को बिस्सा नालपुर निवासी कंवरलाल (48) ने इलाज के दौरान दिए बयान में बताया था कि उसका अपने रिश्तेदारों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। 20 जुलाई की रात करीब 10 बजे आरोपी दीवार फांदकर घर में घुस आए और गेट तोड़ते हुए अंदर प्रवेश कर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में कंवरलाल को गंभीर चोटें आईं, जबड़ा और दांत टूट गए। पत्नी नीशु देवी को भी बेरहमी से पीटा गया, जबकि बच्चे डर के मारे चारपाई के नीचे छिप गए। आरोपियों ने उन्हें मृत समझकर मौके से फरार हो गए।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की। टीम ने नारनौल, नांगल चौधरी, बहरोड़ व अन्य स्थानों पर दबिश दी। लगातार तकनीकी और खुफिया इनपुट के आधार पर 22 अप्रैल को कोटपुतली में दबिश देकर मुख्य आरोपी शक्तिमान उर्फ शक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी चोरी का मामला दर्ज है। पुलिस अब उससे पूछताछ कर अन्य वारदातों की जानकारी जुटा रही है।

कार्रवाई में थानाधिकारी राममनोहर, सहायक उप निरीक्षक भीमसिंह (विशेष योगदान), हेड कांस्टेबल अमरचंद और कांस्टेबल महेन्द्र की टीम ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने इस कार्रवाई को बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# खेत पर सिंचाई के दौरान महिला को करंट लगा

## बयाना अस्पताल ले जाने के दौरान महिला की मौत हो गई

**बयाना/भरतपुर,** (निसं)। बयाना कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव विसखोरी में गुरुवार सुबह खेत में फसल की सिंचाई करने गई एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मृतका 48 वर्षीय रमीला पत्नी यादराम सुबह अपने खेत पर बोरवेल से सिंचाई करने गई थी। इसी दौरान अचानक बोरवेल में विद्युत करंट प्रवाहित हो गया, जिसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गई और मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और उसे गंभीर हालत में बयाना उप जिला अस्पताल लेकर गए, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी सांसें थम चुकी थी। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस दर्दनाक घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने बताया कि खेतों में बिजली व्यवस्था की लापरवाही के चलते इस तरह की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। सूचना मिलने पर बयाना कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**कार्यालय नगर पालिका मण्डल बृजनगर (डीग) राज0**

क्रमांक/न.पा.बृज.न /स्टोर/निविदा/2026-27/172 दिनांक :- 16.04.2026

**ई-निविदा संख्या - 05/2026-27**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम एवं विवरण | नगर पालिका बृजनगर में स्टोर सम्बन्धित कार्य |
| निविदा की कुल लागत | 15.00 लाख रूपये |
| धरोहर राशि | कार्य के सामने अंकित राशि की (डी.डी.) |
| निविदा शुल्क | कार्य के सामने अंकित राशि की (डी.डी.) |
| प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य के सामने अंकित राशि की (डी.डी.) |
| ऑन लाईन निविदा विक्रय/ डाउनलोड करने की दिनांक एवं समय | दिनांक 16.04.2026 को सांयः 6:00 बजे से 25.04.2026 को सांय 06.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक एवं समय | दिनांक 27.04.2026 को दोपहर 4.00 बजे |

NIB Code:- DLB2627A0615
UBN No.:- DLB2627SLOB01873

उक्त निविदा कार्य की धरोहर राशि, निविदा शुल्क का पूर्ण विवरण, शर्ते, शरायतें Website www.sppp.raj.nic.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं download कर प्राप्त की जा सकती है।

राज.संवाद/सी/26/1322 अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, बृजनगर